एनई-स्पार्क्स

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

उत्तरी-पूर्वी क्षेत्र के विकास के केंद्रीय मंत्री ने **उत्तरी-पूर्वी क्षेत्र (NER)** के स्कूल छात्रों के साथ बातचीत की, जिन्होंने **एनई-स्पार्क्स कार्यक्रम** में भाग लिया।

एनई-स्पार्क्स (NE-SPARKS)

- **परिचय: 'अंतरिक्ष के बारे में जागरूकता, पहुँच और ज्ञान के लिये पूर्वोत्तर छात्रों का कार्यक्रम' (NE-SPARKS)** एक प्रमुख पहल है, जो **NER से STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित)** को बढ़ावा देने के लिये बनाई गई है।
- **सहयोगात्मक प्रयास:** इसे **उत्तरी-पूर्वी क्षेत्र के विकास मंत्रालय (MDoNER)**, **8 उत्तरी-पूर्वी राज्यों** और **नॉर्थ ईस्टर्न स्पेस एप्लिकेशन्स सेंटर (NESAC)-ISRO** के सहयोग से समर्थन प्राप्त है।
- **वित्तपोषण:** यह कार्यक्रम **उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (MDoNER)** और राज्य सरकार द्वारा क्रमशः **60:40 अनुपात** में वित्तपोषित है। **NESAC** इसकी नोडल एजेंसी है।
- **पहुँच:** इस कार्यक्रम का उद्देश्य **800 मेधावी विज्ञान छात्रों (प्रत्येक उत्तर-पूर्वी राज्य से 100)** को प्रमुख **इसरो केंद्रों** (जैसे बेंगलुरु स्थित केंद्र) के शैक्षणिक दौरे कराने की सुविधा प्रदान करना है।

और पढ़ें.. [पूर्वोत्तर भारत फ्रंटियर से फ्रंटरनर तक](#)